केन्द्र द्वारा आयोजित हिन्दी की विभिन्न गतिविधियाँ

प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में उपरोक्त अवधि के दौरान दिनांक 12.03.2004 तथा 16.06.2004 को पूर्ण एक - दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें क्रमशः 24 तथा 15 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया और उन्हें भारत सरकार की राजभाषा नीति, प्रशासन, लेखा लेसर, त्वरक आदि विषयों की पर्याप्त जानकारी दी गई। केट के डॉ. आशीष कुमार नाथ, श्री पुरूषोत्तम श्रीवास्तव, श्री पी.डी. श्रृंगी, श्री बी.पी. जोशी, श्री जे.एन. सोनी तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पूर्व सहायक निदेशक (रा.भा.) श्री पंचम सिंह यादव ने अपने-अपने प्रभावी व्याख्यानों से प्रतिभागियों के मन में हिन्दी में लिखने की झिझक दो दूर करने के भरसक प्रयास किए। इस केन्द्र के दो कर्मचारियों को पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रबोध प्रशिक्षण दिलाय जा रहा है।

राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए गठित केट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 60 वीं बैठक क्रमशः दिनांक 24.02.2004 तथा 13 मई, 2004 को आयोजित की गई, जिनमें रू. 15,000/- की हिन्दी की पुस्तकें खरीदने तथा केट की गृह पत्रिका ''प्रगति'' के 17 वें अंक के प्रकाशन पर जोर दिया गया। समिति ने सुझाव दिया कि हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 14 सितम्बर, 2004 को ''नेनो प्रौधोगिकी'' विषय पर 12 वीं एक दिवसीय वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। समिति की ओर से दिनांक 05 मार्च, 2004 को अपराह्न 3:30 बजे केट से सुसज्जित सभागृह में ''होली की पूर्व संध्या पर हास्य-व्यंग्य समारोह'' का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 500 अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इन्दौर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों की प्रथम छःमाही 39वीं बैठक दिनांक 23.01.2004 को पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया सेंटर में केट के निदेशक डॉ. विनोद चन्द्र साहनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान केट के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. दिलीप देवीदास भवालकर को नराभाकास के अध्यक्ष डॉ. विनोद चन्द्र साहनी ने शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें उनकी हिन्दी के प्रति विशेष रूचि, रचनात्मक योगदान तथा राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में निःस्वार्थ सेवाभाव की मान्यतास्वरूप दिया गया। डॉ. भवलाकर दिनांक 09.061997 से 31.12.2003 तक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष पद पर सुशोभित रहे। इस बैठक के दौरान ही समिति की ओर से केट के परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय में दिनांक 19.12.2003 को आयोजित हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के केन्द्रीय सरकार के विभिन्न कार्यालयों के कुल 14 पुरस्कार विजेताओं को डॉ. साहनी ने पुरस्कृत किया। इस बैठक में समिति की पत्रिका ''दिशा'' के प्रकाशन पर जोर दिया गया। स्वागत भाषण पत्र सूचना कार्यालय प्रमुख श्री मधुकर पवार ने दिया तथा संचालन सचिव ने किया।

आलेख : जय नारायण सोनी